दिनांक-29फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई , महापौर परिषद की सदस्य सुभद्रा सिंह रही उपस्थित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम , भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले राजकुमारी जायसवाल पति मोहनलाल जायसवाल पम्प सहायक जोन क्रं. 03, चिन्ताराम साहू पिता धिराजी साहू लाईनमेन जोन 06, दयाराम पिता स्व. उमेंद सिंह लाईनमेन जोन 02, परदेशी राम यादव पिता फूल सिंह यादव चौकीदार जोन 01, को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर परिषद की सुभद्रा सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने शाॅल , श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर सुभद्रा सिंह ने कहा कि आप लोगों की कमी हमेशा रहेगी , अनुभवी लोगों की आवश्यकता सदैव होती है, निचले स्तर के हर व्यक्ति तक आपकी पहचान है हम लोग हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। श्रीमती सिंह ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के स्वस्थ्य जीवन की कामना की! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से कहा कि आप लोगों अपने सेवाकाल में अच्छा कार्य किया यह आपकी कार्य कुशलता को दर्शाता है।

जनसम्पर्क अधिकारी